अमर उजाला

6th Dec, 2020

मृदा परीक्षण से बढ़ेगा उत्पादन

केवीके रानीचौरी में आयोजित हुआ कृषक वैज्ञानिक संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

नई टिहरी। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विवि के कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी में विश्व मृदा दिवस पर कृषक वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को मृदा परीक्षण के बाद फसलों की बुआई करने पर जोर देते हुए इसके फायदे गिनाए।

केवीके रानीचौरी में आयोजित संवाद का वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. बीपी खंडूड़ी, केवीके प्रभारी अधिकारी डा. आलोक यूवले ने शुभारंभ करते हुए किसानों को मृदा परीक्षण की जानकारी दी। कहा कि परीक्षण उपरांत ही मृदा में संतुलित मात्रा में खादों का प्रयोग किया जाए। डा. अजय कुमार ने फसलों के उत्पादन को बढ़ाने को मृदा परीक्षण की उपयोगिता, जैव उर्वरकों का समय पर प्रयोग की विधि बताई। डा. अरुणिमा पालीवाल ने किसानों को पौधों के लिए उपलब्ध पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। आत्मा परियोजना के उप निदेशक संदीप तडियाल ने कृषि विभाग की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने 50 से अधिक किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। इस मौके पर अमित रावत, कुलदीप, विनोद चंद्र, नवीन तडियाल, कमली देवी, बसंती देवी, गुड्डी देवी, फुलादेवी, अमन पुंडीर, ध्यान सिंह आदि मौजूद थे।

मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों का महत्व बताया

चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)। विश्व मृदा (मिट्टी) दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को मिट्टी की सेहत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज नौटियाल ने किसानों को मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों और समय-समय पर इसकी जांच के फायदे बताए। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक पी सुनील मोहन कृष्णन किसानों के साथ चर्चा में मिट्टी के परीक्षण पर जोर दिया। इस मौके पर केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ. गौरव पपनै, वरुण सुप्याल, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, ख्यालीराम, एम संस्था के केएन बहुगुणा आदि मौजूद थे। संवाद

चिन्यालीसौड़ में किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देते केंद्र के प्रभारी।

पौड़ी। विकास खंड खिर्सू के कठूड़ गांव में कृषि विभाग की ओर से विश्व मृदा दिवस पर ग्रामीण किसानों के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान किसानों को कृषि यंत्र भी वितरित किए गए।

शनिवार को ग्राम पंचायत में आयोजित गोष्ठी में सहायक कृषि अधिकारी बीएल शाह ने ग्रामीणों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। मुख्य कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि स्वरोजगार के लिए किसानों को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं एवं अनुदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गोष्ठी में क्षेत्र पंचायत सदस्य मेघना रावत, सेवानिवृत ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक नागेंद्र चौधरी आदि शामिल थे।

सरदार भगवान सिंह